अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 5 नवंबर 2022
कार्तिक शुक्ल-द्वादशी
विक्रम संवत-2079

PAGE NO. 6 MIDDLE

'अकबर द ग्रेट नहीं रहे' ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया

बरेली। एसआरएसएम रिद्धिमा में चल रहे थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष रंग महोत्सव-2022 के चौथे दिन शुक्रवार को हास्य नाटक अकबर द ग्रेट नहीं रहे का मंचन किया गया। मृणाल माथुर लिखित इस नाटक का निर्देशन डॉ. एम. सईद आलम ने किया।

रिद्धिमा में थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष रंग महोत्सव-2022

नाटक की शुरुआत अकबर द ग्रेट की महानता पर सवाल उठाने से होती है। हालांकि उन्हें स्वर्ग में सम्राट अशोक से लेकर सिकंदर तक से सराहना मिलती है, लेकिन इसके लिए उन्हें धरती के किसी बाशिंदे की गवाही जरूरत होती है। अकबर अपनी पहचान को दोबारा हासिल करने के लिए धरती पर आते हैं। इस दृश्य में स्वर्ग के एक विशेष क्षेत्र को दिखाया गया, जिसे लुटियन का स्वर्ग कहते हैं। यहां राजा और सम्राट रहते हैं। इस पूरे दृश्य को नाटक में बड़े ही विनोदपूर्ण ढंग से प्रदर्शित किया गया। इसमें सुमित भारद्वाज, भूमि, एन. सिराज, डॉ. एस. सईद ने अपनी भूमिकाओं में शानदार अभिनय किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजी रमित शर्मा रहे। इस दौरान देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति उपस्थित रहीं। संवाद